# सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, पील पब्लिक हेल्थ द्वारा बढ़ाए गए उपायों के साथ प्रांत के रेड-कंट्रोल लेवल में दाखिल हो चुकी है

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (7 नवंबर, 2020) – आज, पील रीजन (Peel Region) के हिस्से के तौर पर ब्रैम्पटन, ओनटैरियो सरकार के *ओनटैरियो को सुरक्षित और खुले रखने संबंधी फ्रेमवर्क (Keeping Ontario Safe and Open Framework)* के रेड-कंट्रोल लेवल (Red-Control Level) में दाखिल हो गया है। प्रांत की पाबंदियों के अलावा, पील पब्लिक हेल्थ (Peel Public Health) ने आज, कोविड-19 (COVID-19) को फैलने से रोकने में मदद के लिए सख्त उपाय पेश किए हैं।

**ओनटैरियो सरकार के रेड-कंट्रोल संबंधी पाबंदियां**

प्रांत का रेड-कंट्रोल लेवल, प्रति संस्थान अधिकतम 10 व्यक्तियों को इनडोर डाइनिंग (अंदरूनी जगह पर खानपान) की अनुमति देता है। आउटडोर डाइनिंग (रेस्टोरेंट आदि की बाहरी जगह पर खानपान), भोजन घर ले जाने, ड्राइव-थ्रू और डिलीवरी जारी रहेगी। सामाजिक जनसमूह और आयोजित होने वाले सार्वजनिक कार्यक्रम, इनडोर 10 व्यक्तियों तक और आउटडोर 25 व्यक्तियों तक सीमित होंगे।

प्रांत के स्वास्थ्य संबंधी उपायों के बारे में यहां (here) और पढ़ें।

**पील पब्लिक हेल्थ के बढ़ाए गए कोविड-19 संबंधी उपाय**

9 नवंबर, सुबह 12:01 बजे से, ब्रैम्पटन सहित, रीजन ऑफ पील में निम्नलिखित पाबंदियां लागू होगी:

- 13 नवंबर, 2020, सुबह 12:01 बजे से शुरू करते हुए, कारोबारी संस्थानों में छुट्टियों और ज़िंदगी के समागम मनाने वाले सामाजिक जनसमूहों की अनुमति नहीं है।
- 13 नवंबर, सुबह 12:01 बजे से शुरू करते हुए, 7 जनवरी, 2021 तक, शादी के रिसेप्शन और इससे जुड़े जनसमूहों की अनुमति नहीं है।
- धार्मिक सेवाएं, रस्में या समारोह आभासी (वर्चुअल) होंगे। जब ऐसा संभव न हो, तो शादियों और अंतिम संस्कारों जैसे कार्यक्रमों सहित, व्यक्तिगत धार्मिक कार्यक्रमों के लिए जरूरी है:
    - प्रति फैसिलिटी, इनडोर व्यक्तियों की संख्या 30% तक कम करके, अधिकतम 50 व्यक्तियों तक करना।
    - परिवार के सदस्यों और जरूरी सहायकों को साथ बिठाना, अन्य समूहों से कम से कम 2 मीटर दूरी पर।
- बार्स, रेस्टोरेंट्स और खानपान संबंधी अन्य संस्थानों के लिए जरूरी है कि वे केवल एक घर के या उनके जरूरी सहायकों को ही इकट्ठे बिठाएं। अगल-अलग घरों के लोगों को पास-पास बिठाने की अनुमति नहीं है।
- कार्यस्थलों के लिए जरूरी है कि वे सभी गैर-जरूरी आगंतुकों (विजीटर्स) पर पाबंदी लगाएं और जहां तक हो सके, घर से काम करने के विकल्प उपलब्ध करवाएं।

- जिम और फिटनेस सेंटर्स के लिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि सभी फिटनेस क्लास में हिस्सा लेने वाले, पहले से रजिस्ट्रेशन करवाएं और सही संपर्क जानकारी प्रदान करें, ताकि संपर्क ट्रेसिंग में मदद मिल पाए कि कोई व्यक्ति, पॉजिटिव व्यक्ति के संपर्क में तो नहीं आया है। बिना बुकिंग के हिस्सा लेने की अनुमति नहीं है।
- बैंक्ट हॉल्स सहित, मीटिंग वाली और कार्यक्रमों वाली जगहों को बंद करना आवश्यक है।
- पील के निवासियों के लिए जरूरी है कि वे सिर्फ अपने घर के सदस्यों और जरूरी सहायकों को संपर्क में ही रहें। जो लोग अकेले रहते हैं, वे एक नियत परिवार के साथ जुड़ सकते हैं।
- पील के निवासियों को किसी भी अन्य घर में नहीं जाना चाहिए या आगंतुकों को अपने घरों या यार्डों में आने की अनुमति नहीं देनी चाहिए, मेडिकल और मुरम्मत, पुनर्निमाण या निर्माण, डिलीवरी या आमने-सामने की ट्यूशन सहित, एमरजेंसी कारणों को छोड़कर। इन स्थितियों में, मास्क पहनने, दूरी रखने, हाथ धोने और बीमार होने पर दूसरों से अलग रहने सहित, हमेशा पूरी सावधानियां बरती जानी जरूरी हैं।

सभी अतिरिक्त उपाय, ओनटैरियो रेग्युलेशन 263/20 (Ontario Regulation 263/20,), स्टेज 2, s.2(2) (या मौजूदा के तौर पर) में क्षेत्रों के लिए नियमों (Rules for Areas) की अथॉरिटी के अंतर्गत लागू किए गए हैं।

ये उपाय अगले नोटिस तक लागू रहेंगे, सिवाय इसके जहां तारीख तय की गई हो। पील पब्लिक हेल्थ द्वारा हर 14 दिनों में इसका पुनः मूल्यांकन किया जाएगा, जैसे भी महामारी की स्थिति बदलेगी।

इन बदलावों के बारे में यहां (here) और पढ़ें।

**रेक्रिएशन सेंटर**

आज (7 नवंबर, 2020) से, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन की चुनिंदा रेक्रिएशन फैसिलिटीज, केवल मुलाकात बुक करके चुनिंदा जगहों पर फिटनेस कार्डियो और वज़न उठाने संबंधी व्यायाम वाले क्षेत्रों को पुनः शुरू करेंगी। इस समय ग्रुप फिटनेस क्लासेज स्थगित रहेंगी। निवासी, www.brampton.ca/recreation पर रिजर्वेशन टाइमस्लॉट देखकर अपनी विजिट शेड्यूल कर सकते हैं। वैकल्पिक तौर पर, निवासी 311 पर कॉल करके रिजर्वेशन बुक कर सकते हैं।

**आवश्यक चेहरा ढकना**

आवश्यक चेहरा ढकना (मैनडेटरी फेस कवरिंग्स) बाइ-लॉ **(**Mandatory Face Coverings By-law**)** के अंतर्गत, ब्रैम्पटन में सभी इनडोर सार्वजनिक जगहों पर, गैर-मेडिकल मास्क (कपड़े के बने साधारण मास्क) पहनना या चेहरे को ढकना जरूरी है। सार्वजनिक संस्थानों और कारोबारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके नियंत्रण वाली इनडोर सार्वजनिक जगहों पर, सभी लोग मास्क पहन रहे हैं या चेहरा ढक रहे हैं।

बाइ-लॉ कुछ व्यक्तियों को छूट देता है। इनमें शामिल हैं, वे व्यक्ति, जो मेडिकल कारणों से मास्क नहीं पहन सकते या चेहरा नहीं ढक सकते; दो वर्ष से कम उम्र के बच्चे; एमरजेंसी ऑर्डर्स (Emergency Orders) के अनुसार एथलेटिक गतिविधि में शामिल व्यक्ति। अधिक जानकारी के लिए: www.brampton.ca/masks पर जाएं।

इसका पालन न होने के बारे में रिपोर्ट करने के लिए, निवासी और कारोबारी 311 पर फोन कर सकते हैं।

**कोविड-19 टेस्ट और टेस्टिंग स्थान के बारे में जानकारी**

***सभी टेस्टिंग स्थान***

लोग, पूरे पील में फार्मेसी और असेस्मेंट सेंटरों और अतिरिक्त क्लिनिकों सहित, कई स्थानों पर टेस्ट करवा सकते हैं। अब पूरी टेस्टिंग केवल मुलाकातें बुक करके ही होगी। अपना टेस्ट बुक करने के लिए असेस्टमेंट सेंटर या फार्मेसी को संपर्क करें।

पील और ब्रैम्पटन में कोविड-19 टेस्टिंग स्थानों की सूची के लिए, प्रांत की वेबसाइट (website) पर जाएं।

***ब्रैम्पटन में विलियम ओसलर हेल्थ सिस्टम (ओसलर) टेस्टिंग***

साउथ फ्लैचर्स स्पोर्ट्सप्लेक्स में ओसलर्स कोविड-19 टेस्टिंग सेंटर
ओसलर, किसी भी उस व्यक्ति को ऑनलाइन और फोन पर बुकिंग करवाने की पेशकश कर रहा है, जो कोविड-19 टेस्ट प्राप्त करने के लिए योग्य है। ब्रैम्पटन में, साउथ फ्लैचर्स स्पोर्ट्सप्लेक्स (South Fletcher's Sportsplex) में ओसलर्स कोविड-19 टेस्टिंग सेंटर (Osler's COVID-19 Testing Centre), रोज़ाना सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक खुलता है। मुलाकातें, उपलब्धता के आधार पर बुक की जाती हैं।

ओसलर्स कोविड-19 टेस्टिंग सेंटर में टेस्ट बुक करने के लिए, नीचे गिए विकल्पों में से एक चुनें।

- ऑनलाइन: www.williamoslerhs.ca/coronavirus पर जाएं
- फोन: 905.487.1249 पर फोन करें

  सुबह 8:00 बजे और शाम 6:00 बजे, सप्ताह में 7 दिन।

पील मेमोरियल सेंटर फॉर इंटीग्रेटिड हेल्थ एंड वेलनेस में, ओसलर्स कोविड-19, कोल्ड एंड फ्लू क्लीनिक
ओसलर्स कोविड-19, कोल्ड एंड फ्लू क्लीनिक (Osler's COVID-19, Cold and Flu Clinic), बिना तय मुलाकात के आधार पर, कोविड-19 टेस्टिंग मापदंड को पूरा करने वाले रोगियों के साथ-साथ उन्हें देखना भी जारी रखेगा, जिन्होंने लक्षण हों और डॉक्टर को मिलना चाहते हों।

हाल ही में क्लिनिक ने अपना संचालन समय बढ़ा दिया है। अब यह रोज़ाना सुबह 8 बजे से रात 9 बजे तक खुलता है। मुलाकात बुक करने की जरूरत नहीं है।

पील मेमोरियल सेंटर (Peel Memorial Centre) में कोविड-19, ब्रैम्पटन के ड्राइव-थ्रू टेस्टिंग सेंटर (Drive-Thru Testing Centre) और कोविड-19, कोल्ड एंड फ्लू क्लिनिक के बारे में अधिक जानकारी के लिए, www.williamoslerhs.ca/coronavirus पर जाएं।

**अतिरिक्त टेस्टिंग सेंटर**

ये साइटें उन निवासियों को प्राथमिक टेस्टिंग प्रदान करती हैं, जो हर क्लिनिक जगह के पास में रहते हैं।

Snelgrove Community Centre
11692 Hurontario Street
Brampton, ON L7A 1K5
(स्नेलग्रोव कम्युनिटी सेंटर
11692 हुरोनटैरियो स्ट्रीट
ब्रैम्पटन, ओनटैरियो L7A 1K5)
समय: प्रत्येक मंगलवार को दोपहर बाद 2 बजे से शाम 6 बजे तक और प्रत्येक शनिवार को सुबह 9 बजे से दोपहर बाद 1 बजे तक।
अपनी मुलाकात बुक करने के लिए, सोमवार से शुक्रवार, सुबह 8:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक, 905.796.0040 एक्सटेन्शन 2122 पर फोन करें

Gore Meadows Community Centre
10150 The Gore Road
Brampton, ON L6P 0A6
(गोर मेडोज कम्युनिटी सेंटर
10150 द गोर रोड
ब्रैम्पटन, ओनटैरियो L6P 0A6)
समय: मंगलवार से शनिवार, सुबह 10 बजे से दोपहर बाद 2 बजे तक।
ऑनलाइन मुलाकात बुक करें या 647.374.4676 पर फोन करें

अधिक जानकारी के लिए, यहां क्लिक करें (click here)।

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca